C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

षष्ठं कात्यायनी

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:50 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:09 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी
दानवघातिनी।।

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 100 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 7 अक्टूबर 2024

नवरात्र के छठे दिन की...पेज-3 पर

News

कॉर्नर

विद्युत विभाग का रोस्टिंग प्लान जारी

हल्द्वानी। विद्युत विभाग ने बिजली लाइनों में मेंटनेस और सुरक्षा कार्यों के चलते शहर के अलग-अलग इलाकों में हर रोज चार घंटे तक बिजली कटौती रहेगी। ऊर्जा निगम ने सोमवार 7 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक शटडाउन का रोस्टर प्लान जारी किया है। रविवार को धौलाखेड़ा बिजलीघर के औद्योगिक फीडर पर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बिजली कटौती रही। ईई ग्रामीण बेगराज सिंह ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। 7 अक्टूबर को हाथीखाल, बमेठाबंगर, हल्दूचौड़, कार रोड फीडर, 8 अक्टूबर को घोड़ानाला और हल्द्वानी फीडर, 9 अक्टूबर को सोयाबीन फीडर, 10 अक्टूबर को डूंगरपुर, 11 अक्टूबर को हल्दूचौड़, 12 अक्टूबर को वर्ल्ड बैंक फीडर, 14 अक्टूबर को वर्ल्ड बैंक, धौलाखेड़ा बिजलीघर का हल्द्वानी फीडर, सोयाबीन फीडर, औद्योगिक, हल्दूचौड़, हाथीखाल, डूंगरपुर और कार रोड, 15 अक्टूबर को शास्त्रीनगर, 17 अक्टूबर को गांधीनगर, 19 अक्टूबर को घोड़ानाला, 21 अक्टूबर को बमेठाबंगर, 23 अक्टूबर को शास्त्रीनगर, गांधीनगर, हल्दूचौड़ कार रोड, घोड़ानाला, बमेठा बंगर और 26 अक्टूबर को शास्त्रीनगर, गांधीनगर, हल्दूचौड़ कार रोड, घोड़ानाला और बमेठा बंगर फीडर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन रहेगा।

गौला पुल से आवाजाही शुरू

हल्द्वानी। यात्रियों के लिए अच्छी खबर है कि पिछले महीने 12 से 14 सितंबर के दिन भारी बरसात के बाद बंद हुए गौला पुल में आज से फिर से आवागमन शुरू हो गया है प्रशासन ने सभी वाहनों के लिए गौला पुल खोल दिया है। उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा पुल के एप्रोच रोड का काम किया गया जिसको चेक करने के बाद आज सभी वाहनों के लिए पल खोल दिया गया है साथ ही पुल के सुरक्षात्मक कार्य के लिए समिति बनाई गई है जिसके माध्यम से भविष्य में पुल की सुरक्षा के लिए दूरदर्शी व स्थाई कार्य होंगे।

सशक्त भू कानून लायेगी सरकार: मुख्यमंत्री धामी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी के लामाचौड़ पहुंचे, यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सशक्त भू कानून लाने वाली है और वर्तमान में सरकार द्वारा बाहरी व्यक्तियों द्वारा खरीदी गई जमीनों के जांच के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में यह भी आया है कि जिन

प्रयोजनों के लिए उत्तराखंड में भूमि खरीदी गई थी कई जगह उन परियोजनो का उलघन हो रहा है ऐसे में उनके द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी सभी भूमि जो नियम संगत नहीं है और नियम कानून का उल्लंघन कर रही है उन जमीनों को राज्य सरकार में निहित किया जाए, इसके अलावा जल्द ही सरकार एक सशक्त भू कानून लेकर आने वाली है।

हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू

हल्द्वानी। पुलिस और प्रशासन की टीमों ने सोमवार से नैनीताल रोड पर कालूसिद्ध मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटाने की कवायद आज से शुरू की जाएगी।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल पीएसी की भी तैनाती की गई है। नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम अपराह्न तीन बजे से अतिक्रमण हटाएगी। क्योंकि अतिक्रमण हटाने को लेकर पहले भी विरोध हो चुका है जिस वजह से अतिक्रमण हटाने का मामला लटकता रहा है। ऐसे में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ सकता है।

पीएम मोदी बोले- यूपीआई से भी जुड़ेंगे दोनों देश

संबंध पुराने: मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत

नई दिल्ली

एजेंसी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इस तरह के पहले लेनदेन के गवाह बने। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मालदीव में रुपे कार्ड लॉन्च किया गया। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ जाएंगे। इसके अलावा दोनों ने मालदीव में हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। भारत ने उसके सहयोग से निर्मित 700 से अधिक

सामाजिक आवास इकाइयां भी मालदीव को सौंपीं। इसके साथ भारत और मालदीव के बीच कई अहम समझौते हुए। सभी फैसले, शिलान्यास और उद्घाटन पीएम मोदी और मोइज्जू की हैदराबाद हाउस में बैठक के बाद लिए गए।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है।

बाइक सवार मां-बेटे को डंपर ने कुचला, हादसों में तीन की मौत

रामनगर/रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रामनगर-पीरुमदारा मुख्य चौराहे पर सोमवार सुबह एक डंपर ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों रामनगर से रामपुर की ओर जा रहे थे। रामनगर-पीरुमदारा मुख्य चौराहे पर सोमवार सुबह एक डंपर ने बाइक सवारों को कुचल दिया।

हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों रामनगर से रामपुर की ओर जा रहे थे। सोमवार की सुबह 6 बजे बाइक सवार फैजान (25) पुत्र जलिस निवासी भावपुरा रामपुर उत्तर प्रदेश अपनी मां जैनब (45) के साथ टांडा मल्लू रामनगर अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने घर भावपुर रामपुर को जा रहा थे। घर को जाते समय पीरुमदारा चौराहे पर बाइक को 18 टायरा डंपर (एचआर 58डी 6730) ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 की मदद से तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की ओर से शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया डंपर की टक्कर में मां-बेटे की मौत हुई है।

ट्रक ने टक्कर से स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर

रुद्रपुर। बीती रात दिनेशपुर रोड पर एक कंपनी के ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आक्रोशित लोगों ने वाहन को घेर लिया। जिला अल्मोड़ा के ताड़ीखेत रानीखेत निवासी 27 वर्षीय वीरेन्द्र गोस्वामी पुत्र मदन गिरी गोस्वामी दिनेशपुर में किराए पर रह कर सिडकुल की कंपनी में काम करता था। रविवार की रात को वह स्कूटी से कंपनी की ओर जा रहा। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के परिजन व तीमारदार मोर्चरी पहुंचे। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

रुद्रपुर पहुंची मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, वेडिंग जोन का किया निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर पहुंची प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्माणाधीन वेडिंग जान में पहुंच निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन वेडिंग जान का नक्शा देखा। उन्होंने अधिकारियों को वेडिंग जान निर्माण को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। यहां पर जी 20 के दौरान नैनीताल हाईवे से उजाड़े गए दुकानदारों ने मुख्य सचिव का स्वागत किया। दुकानदारों ने मुख्य सचिव से दुकानें निःशुल्क आवंटन करने की मांग रखी। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि इस मामले को डीएम देखेंगे। इसके बाद वह किच्छा रोड ट्रचिंग ग्राउंड स्थान को भी देखा। उनके साथ कुमाऊं कमिश्नर दीपक

निरीक्षण

- उन्होंने वेडिंग जान के मामले में ली जानकारी, जहां कूड़े का ढेर था वहां सुंदर जगह बनी

रावत, डीएम उदयराज सिंह, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एएसपी निहारिका तोमर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जगरूकता संदेश: गुलाबी रंग में रंगी नजर आई सरोवर नगरी नैनीताल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में आशा फाउंडेशन की ओर से कैंसर जागरूकता को लेकर आयोजित रैली में नगर गुलाबी रंग में रंगा नजर आया, जबकि विषेसज्ञों ने समारोह में कैंसर के प्रति सजगता व जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सयुंक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल व विधायक सरिता आर्य रहें। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रविवार को आयोजित इवेंट की आयोजक आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि रैली में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ ही भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कहा स्तन कैंसर समेत तमाम महिला मुद्दों और समस्याओं के निस्तारण को लेकर शहर की आशा फाउंडेशन कार्य कर रही है। कहा कि जागरूक रहने और समय से उपचार कर लेने के कारण वह कैंसर से

जंग जीत पाए। जागरूक रहकर समय रहते यदि उपचार कर लिया जाए तो कैंसर से आसानी से जंग जीती जा सकती है। आशा शर्मा ने सभी का अभार व्यक्त करते हुए कहा की वह कैंसर का उपचार कराने के बाद आज सबके बीच में है उसी के बाद से मैंने तय कर लिया था की मुझे अन्य लोगों को भी कैंसर जैसी बीमारी से जागरूक करना है, लोगों को जागरूक करने के लिए अभी तक शहर के 40 गांवों में कैंसर जागरूकता शिविर लगाए जा चुके है इसके साथ कई विद्यालयों में जाकर बालिकाओं को रियुजवल पैड्स भी वितरित किए गए है। सुबह आठ बजे संस्था सदस्यों समेत विभिन्न विद्यालयों के बच्चे मल्लीताल डीएसए मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल में एकत्रित हुए। जहाँ पर सयुंक्त मजिस्ट्रेट, आशा शर्मा, अनिल शर्मा, डॉ. मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली डीएसए मैदान से पंत पार्क अपर मालरोड होते हुए रैली इंडिया होटल पहुंची। जहां से लोअर माल रोड होते हुए डीएसए मैदान में रैली का समापन किया गया। लखनऊ से आए कैंसर विशेषज्ञ डॉ. आनंद मिश्रा नें पिंक मुहीम कि सरहाना करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक होना आवश्यक,ब्रेस्ट कैंसर युवाओं में अधिक रहता है, इस दौरान कैंसर सर्वाइकिल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सिंह नें बताया कि आशा फाउंडेशन द्वारा कार्य काफ़ी प्रेरणादायक है, स्कूली छात्राओं व महिलाओं को जागरूक करना आवश्यक है।

इसके अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों को प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में ईशा साह, डॉ.एमएस दुग्ताल, प्रो. नीता बोरा शर्मा,डॉ. संजीव खर्कवाल, रामा माउंटेनरी की प्रबंधक नीलू एल्हेन्स, मुन्नी तिवारी,डॉ. सरस्वती खेतवाल, पूर्व सभासद दीपक कुमार भोलू, अलोक साह,मेट्रन शशि कला पांडे, सुषमा रावत, रोहतक से आए दीपक शर्मा, श्याम सुन्दर बाबा, धर्मेंद्र शर्मा, पवन कुमार, रजनी समेत अन्य लोग मौजूद रहें। मंच संचालन मिनाक्षी कीर्ति व हेमंत बिष्ट नें किया।

हे प्रभु परम मनोहर ठाऊं, पावन पंचवटी तेहि नाऊं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री रामलीला मैदान दिन लीला में अगस्त मुनि आगमन, पंचवटी, सूर्पनखा नासिका छेदन, खर दूषण वध की लीला का मंचन व्यासजी पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा तथा रात्रि लीला में पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ तथा राम विवाह की लीला मंचन रात्रि लीला के व्यास पंडित जानकी दास द्वारा कराया गया।

वन गमन के मध्य दंडक वन में प्रभु श्री राम जी की मुलाकात गिद्धराज जटायु से होती है, सभी मुनियों द्वारा प्रभु राम से प्रार्थना की जाती है कि हे प्रभो! एक परम मनोहर और पवित्र स्थान है, उसका नाम पंचवटी है। हे प्रभो! आप दण्डक वन को (जहाँ पंचवटी है) पवित्र कीजिए और श्रेष्ठ मुनि गौतमजी के कठोर शाप को हर लीजिए।

भगवान श्री राम मुनियों की प्रार्थना सुन कर माता सीता तथा लखनलाल जी पंचवटी में निवास करते हैं। पंचावती में रावण की बहन सूर्पनखा भगवान के रूप को देख कर मोहित हो उठती है और विवाह करने की इच्छा जाहिर करती है प्रभु राम कहते हैं देवी मैं पत्नीव्रता विवाहित पुरुष हूं आप मेरे छोटे भाई लक्ष्मण से विवाह की बात कर लीजिए इस पर कुपित हो कर सूर्पनखा सीता माता पर झपटती है, जिस पर लक्ष्मण जी द्वारा सुरपनाखा की नासिका छेदन कर दिया जाता है। सुरपनखा रोते हुए खर दूषण के पास पहुंचती है और वे क्रोधित हो कर प्रभु श्री राम से युद्ध करने आते हैं और मारे जाते हैं।

आज के लीला में अतिथि हाई कोर्ट नैनीताल के न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा, एडवोकेट पियूष गर्ग व्यवसाई राकेश अग्रवाल, मनोहर केसरवानी, आई एम ए से अध्यक्ष डा उपेंद्र ओली, सचिव डा प्रदीप पांडे,रजत गर्ग , सुशील पप्पी,कृष्णानंद चौबे नरेंद्र साहनी आदि रहे।

रामलीला संचालन समिति से रिसीवर ए बी बाजपेई,भोलानाथ केसरवानी, सौरभ अग्रवाल,पंकज कपूर, विनीत अग्रवाल,अतुल अग्रवाल, योगेश शर्मा तथा प्रदीप जनौटी ने अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। आज रामलीला मैदान में खर दूषण के पुतले का दहन किया जाता है। दिन लीला में संचालन समिति सदस्य अमित जोशी तथा नब्बू भाई , रोहित ठाकुर,सुशील शर्मा रहित ठाकुर, महेश राजा आदि ने पंचवटी की झांकी का सुंदर व भव्य निर्माण कराया।

केसरवानी महिला समिति द्वारा तिलक चंदन लगा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। व्यास मंच पर व्यास जी के साथ पंडित रीतेश जोशी तथा पंडित प्रमोद भट्ट ने संगत दी।

मुखानी में ताड़का वध एवं सुभाऊ मारीच वध

हल्द्वानी। श्री राम सेवक रामलीला कमेटी मुखानी में दूसरे दिवस का मंचन हुआ। द्वितीय दिवस में राम जन्म ताड़का वध एवं सुभाऊ मारीच वध का प्रसंग दिखाया गया। प्रभु राम द्वारा ऋषि मुनियों के यज्ञ में विघ्न डालने वाली राक्षसी ताकतों तड़िका आदि का वध कर ऋषि मुनियों का आशीर्वाद लिया। इससे पहले डॉक्टर मोहन तिवारी एडवोकेट भुवन चंद पनेरु सुरेश पांडे ललित तिवारी व कमेटी अध्यक्ष मनीष कपिल ने द्वितीय दिवस की रामलीला का उद्घाटन किया इस मौके पर कमेटी के समस्त पदाधिकारी भी थे। कमेटी मीडिया प्रभारी तारु तिवारी ने बताया कि आज सीता स्वयंवर का मंचन दिखाया जाएगा इस मौके पर कमेटी के सचिव दीपक जोशी, उपसचिव संदीप भोज,कोषाध्यक्ष ह्रदेश पंत आदि मौजूद रहे।

स्व0 प्रेम सिंह नेगी स्मृति ओपन कैरम प्रतियोगिता जारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सिराज स्पोर्ट्स क्लब सोसायटी के सहयोग से नगर पालिका परिषद के मनोरंजन कक्ष में खेली जा रही स्वर्गीय प्रेम सिंह नेगी स्मृति ओपन कैरम प्रतियोगिता रविवार को भी जारी रही।

प्रतियोगिता के तहत दो सेमीफ इनल मुकाबले खेले गए जिसमें पहला सेमीफ इनल मोहम्मद सिराज तथा शानू के बीच खेला गया जिसमें सानू ने पहला सेट 25 व 21 से जबकि दूसरा सेट 25 और 20 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच मोहम्मद शकील तथा तहजीब के बीच खेला गया जिसमें पहले सेट में तहजीब ने 28 व 13 से जीता वही दूसरा सेट 26 व 14 से जीतकर तहजीब ने फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक गोपाल नेगी, राजेंद्र कनवाल, मोहन चिलवाल, अक्षय कुमार और सुरेश चंद्र रहे।

मल्लीताल में रामलीला मंचन का भव्य आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा नगर के मल्लीताल सात नंबर क्षेत्र स्थित रामलीला ग्राउंड में रामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। लीला के तृतीय दिवस में सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, बाणासुर रावण संवाद का भव्य मंचन किया गया।

रामलीला मंचन में विशेष आकर्षण के रूप में जनक दरबार में एक ही परिवार से शिक्षक एवं रंगकर्मी डॉ. हिमांशु पांडे द्वारा जनक की भूमिका, शिक्षिका एवं संस्कृति कर्मी दीपा पांडे द्वारा सुनैना की भूमिका एवं उनके पुत्र संस्कार पांडे द्वारा सीता की भूमिका का निर्वहन विगत दो वर्षों से निरंतर किया जा रहा है जबकि परशुराम के दमदार अभिनय वरिष्ठ सदस्य एवं संस्कृति कर्मी ललित गिरी गोस्वामी ने सभी को मंत्र मुग्ध किया।

इससे पूर्व मंचन के शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष जीवंती ने किया। भट्ट ने अपनी परंपराओं एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने हेतु नव संस्कृत सत्संग समिति की सराहना की।

आयोजन को सफ ल बनाने में अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत, सचिव पूरन चंद्र पांडे, संरक्षक महेश चंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल, उप सचिव डॉ. हिमांशु पांडे, सांस्कृतिक सचिव हिम्मत सिंह बिष्ट, समिति के पूर्व अध्यक्ष/ मंत्रियों के रूप में कैलाश चंद्र जोशी, वीरेंद्र जोशी, दिनेश चंद्र जोशी, प्रकाश पांडे, प्रकाश चंद्र चंदोला सहित नीरज डालाकोटी, भैरव सिंह बिष्ट, दीपक पांडे, ललित मोहन पांडे, कमल बिष्ट, चारु पंत, गणेश लोहनी, चंद्र शेखर जोशी, योगेश वर्मा तथा महेश चंद्र आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

NEWS / फटाफट

व्यापारियों ने हल्द्वानी के नवनियुक्त कोतवाल का स्वागत किया

हल्द्वानी। देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद बगडवाल के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधियों ने आज हल्द्वानी कोतवाल राजेश यादव का फूलों के गुलदस्ता भेंट कर जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यापारी नेताओं ने दशहरा व दीपावली त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था चौकस रखने की मांग की, ताकि त्योहारों में असामाजिक तत्व किसी भी तरह महिलाओं के साथ छीना झपटी वह बदतमीजी ना कर सके । व्यापारी नेताओं ने आशा व्यक्त की, कि उनके कार्यकाल में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। इस अवसर पर देवभूमि व्यापार मंडल के नगर महामंत्री राजीव जायसवाल ,प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ,युवा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश घींगडा,जगमीत मीती, जसविंदर भसीन ,राजेंद्र बमेठा, प्रेम चौधरी ,मनीष वर्मा अनवरूला सिद्दीकी , मोइन बाबा, अनुज देवल, जसपाल मालदार, हीरालाल साहू आदि उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा महोत्सवः पूर्व विधायक ठुकराल ने किया शुभारंभ

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्राम दानपुर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर पूजा अर्चना की और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही श्री राम बाल कमेटी ने रामलीला के विभिन्न दृश्यों का मंचन भी किया। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि शारदीय नवरात्र का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। नवरात्र पर जगह जगह जागरण एवं दुर्गा पूजा महोत्सवों का आयोजन होने से माहौल भक्तिमय हो जाता है। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, अंकित चंद्रा, ललित सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, मनदीप वर्मा, राजन कनवाल, विजय वर्मा, मनीष सिंह,राहुल वर्मा, दीपक वर्मा, संजय वर्मा, रोहित वर्मा, भरत रतन, संदीप, अभिषेक यादव, बंटी राजोरिया, संजय राठौर, हैप्पी चौहान, विशाल मेहरा आदि मौजूद रहे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

16वीं इंटर स्कूल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में आयोजित 16वीं इंटर स्कूल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि दूसरा स्थान सेंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज को मिला वहीं तीसरे स्थान पर आर्यमन विक्रम बिड्ला स्कूल रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ नैनीताल जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष सी.वी.एस बिष्ट द्वारा किया गया था। उन्होंने खेलकूद के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ताइक्कांडो जैसे खेल छात्रों में आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर की वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सरस्वती खेतवाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया,उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ावा देती हैं बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करती हैं।

इस दौरान नैनीताल जिला ताइक्कांडो संघ के उपाध्यक्ष हरीश नयाल और सचिव सुनील थापा ने प्रतियोगिता की सफ लता के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजक सचिव ज्योति दुर्गापाल को बधाई दी। अतिथि के रूप में उपस्थित प्रतिमा और डॉ. हिमानी पंत ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान गौरव प्रसाद, विश्व केतु वैद्य, गीतांजलि चंद, साक्षी बिष्ट, ममता पलाडिया, राजेंद्र मेहरा, सोनिया पांडे, करिश्मा, शुभम डसीला, निहारिका गुसाई तथा मानसी आदि उपस्थित थे।

प्रीपेड मीटर को लेकर पूर्व विधायक ठुकराल विद्युत विभाग

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समर्थकों के साथ अधिशासी अभियन्ता विद्युत कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ईई केके पन्त व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम राकेश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक ने दोनों अधिकारियों से वार्ता विद्युत समस्याओं से अवगत कराया।

पूर्व विधायक ठुकराल ने दोनो अधिकारियों से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या प्रीपेड इलेक्ट्रानिक मीटर को रोकने सम्बन्धी कोई आदेश सरकार या शासन से आया तो दोनो अधिकारियों ने ऐसे किसी आदेश से इन्कार किया। प्रतिनिधि मंडल को दोनो विधिकारियो ने बताया कि फौजी मटकोटा,सिडकुल क्षेत्र में दो बड़े गोदामों में पन्द्रह हजार से अधिक प्रीपेड इलेक्ट्रानिक मीटर आ चुके है।

विरोध

- प्रीपेड मीटर लगाने की कार्रवाई का विरोध जताया

पूर्व विधायक ने कहा कि रुद्रपुर से पूर्व उत्तराखंड के बड़े शहरों में ये प्रीपेड मीटर लगाये जाए, उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जिला मुख्यालय को क्यों मीटर लगाने के लिए उत्तराखंड की प्रयोगशाला बनाया जा रहा है। प्रीपेड मीटर लगाने के लिए जनता में वातावरण बनाया जाना चाहिए, निर्धन मलिन बस्तियों में जबरन प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध होगा। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटर का विरोध किया जाएगा। इस दौरान ठाकुर जगदीश सिंह,अजय नारायण सिंह ,ललित सिंह बिष्ट,हैप्पी चौहान, सुखवन्त सिंह बिर्क, आनंद शर्मा, अरविन्द? यादव,बन्टी कोली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

अभिमत

भेदभावपूर्ण नीति

बच्चे से लेकर वृद्ध तक सड़कों पर उतर आये। पर्वतीय, भाबर और तराई के सभी लोगों ने आंदोलन में हिस्सा लिया। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया। 23 साल बाद राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने संबंधी ऐक्ट बना दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है कि आरक्षण किस आधार पर दिया है? इससे पूर्व उच्च न्यायालय ने इस मामले में फैसला दिया था कि राज्य आंदोलनकारियों को प्रदेश सरकार आरक्षण नहीं दे सकती। प्रदेश के सभी नागरिक राज्य आंदोलनकारी थे। यह सही है कि मुट्ठीभर लोगों को आंदोलनकारी का श्रेय देना लाखों लोगों के साथ भेदभाव होगा।

उत्तर प्रदेश का पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा होने के कारण पृथक राज्य उत्तराखंड की मांग चार दशक पूर्व उठी थी। वर्ष 1994 में उत्तराखंड राज्य बनाने के लिए उग्र आंदोलन हुआ। हिंसा के कारण कई शहरों में कर्फ्यू लागू किया गया। महीनों तक स्कूल, कार्यालय और बाजार बंद रहे। बच्चे से लेकर वृद्ध तक सड़कों पर उतर आये। पर्वतीय, भाबर और तराई के सभी लोगों ने आंदोलन में हिस्सा लिया। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया। 23 साल बाद राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने संबंधी ऐक्ट बना दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है कि आरक्षण किस आधार पर दिया है? इससे पूर्व उच्च न्यायालय ने इस मामले में फैसला दिया था कि राज्य आंदोलनकारियों को प्रदेश सरकार आरक्षण नहीं दे सकती। प्रदेश के सभी नागरिक राज्य आंदोलनकारी थे। यह सही है कि मुट्ठीभर लोगों को आंदोलनकारी का श्रेय देना लाखों लोगों के साथ भेदभाव होगा। बहुत से लोगों को राज्य आंदोलनकारी बताकर पेंशन दी जा रही है। पेंशन के लिए राज्य आंदोलनकारियों का चयन किस मानक पर किया गया, यह पता नहीं है। सीधी सी बात है कि जब उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रदेश के सभी नागरिक राज्य आंदोलनकारी थे तो फिर किस आधार पर गिने-चुने लोगों को पेंशन दी जा रही है। नौ नवंबर, 2000 को राज्य का गठन होने के बाद वर्षों तक राज्य स्थापना दिवस के आसपास राज्य आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण के लिए कुछ लोग ज्ञापन देते रहे हैं। आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण किसी आधार पर नहीं किया जा सकता है। वर्ष 1994 में जो वृद्ध आंदोलन में शामिल हुए थे, उनमें से अधिकतर अब जीवित नहीं हैं। युवा वृद्ध हो चुके हैं और उन्हें आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। 30 साल बाद बच्चे भी आत्मनिर्भर हो गये हैं। पर्वतीय क्षेत्र को अलग राज्य बनाने का श्रेय क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने लेने और सत्ता हासिल करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने उन्हें खारिज कर दिया। उत्तराखंड राज्य का गठन केन्द्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने किया था। राज्य के लोगों ने भाजपा को सत्तारूढ़ किया। जनआकांक्षा पर खरी नहीं उतरने पर दो बार कांग्रेस को भी सत्ता सौंपी। राष्ट्रीय पार्टियों के सत्ता में होने से राज्य के हित राष्ट्र के साथ जुड़े हैं। केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सत्ता होने से प्रदेश का विकास हो रहा है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं पूरे देश में कम होती जा रही हैं, इसलिए आरक्षण नीति बेमानी होती जा रही है। आरक्षण की नीति से समाज में विकृतियां पैदा हो रही हैं। केन्द्र सरकार को भी वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर आरक्षण खत्म करने पर विचार करना होगा।

तीन दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला क्रीड़ा संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग मे सेंट जोसेप के प्रवर वर्मा और लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के धीरज गोस्वामी ने अपने शानदार मैच से आयोजन में उपस्थित सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। बता दें कि रविवार को सम्पन्न इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय धावक हरीश तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ खिलाड़ी सुदर्शन लाल शाह व चंद्र लाल साह रहे। फ इनल मुकाबले में सब जूनियर बालक वर्ग सिंगल्स में ऑल सेंट के प्रवर वर्मा ने लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के धीरज गोस्वामी को हराकर सब जूनियर में फाइनल अपने नाम किया।

जूनियर बालक वर्ग में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के अर्णव डसीला ने सेंट जोसेफ कॉलेज के हृदयांश तितियाल को हराकर फाइनल मुकाबला जीता, वही सीनियर वर्ग में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के वंश नौटियाल ने पार्वती प्रेमा जगाती के रुद्र प्रताप को हराकर फ इनल मुकाबला अपने नाम किया। जूनियर डबल्स में घोड़ाखाल सैनिक स्कूल के अर्णव और श्री राम की जोड़ी ने सेंट जोसेप के हृदयांश और आहिल को हराकर फ इनल जीता। सीनियर डबल्स में पार्वती प्रेमा जगाती के हर्षित और रुद्र प्रताप की जोड़ी ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के वंश नौटियाल और मनरा की जोड़ी को हराकर फाइनल का मुकाबला अपने नाम किया। सब जूनियर गर्ल्स में हरमन माइनर की सोमैया जोशी ने पार्वती प्रेमा जगाती की सान्वी शर्मा को हराकर फाइनल जीता जबकि जूनियर गर्ल्स में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की लावण्या रावत ने ऑल सेंट की जयती बिष्ट को हराकर फाइनल जीता। सीनियर वर्ग में श्रीद्धी बिष्ट ने ऑल सेंट कॉलेज की जीजीविशों को हराकर फाइनल अपने नाम किया।जूनियर गर्ल्स डबल्स में ऑल सेंट की जयती बिष्ट और विभु शाह की जोड़ी ने जीजीआईसी की अंजली और वैष्णवी को हराकर फाइनल जीता जबकि सीनियर गर्ल डबल्स में श्रीद्धि और लावण्या की जोड़ी ने भारतीय शहीद सैनिक की दिशा कत्यूरा और हिमानी करकी की जोड़ी को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

डीएसए के महासचिव अनिल गढिया ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और फ इनल मुकाबले को यादगार बनाने के लिए आभार जताया। मुकाबले को सफल बनाने में मुख्य आयोजक सचिव वीरेंद्र शाह, चीफ रेफ री गौरव नयाल ने सभी स्कूलों तथा उनके कोच और खिलाड़ियों का आभार जताया साथ ही अंपायर उत्कर्ष, सुपर्णा, आस्था, सुजल व अभिषेक के साथ ही इतिखाब, अजय, पंकज, डॉ मनोज सिंह बिष्ट, अश्विनी, भानु, आलोक साह, मनीष शाह, कुंदन बिष्ट, अंशुल साह, सुमित जेठी, भूपाल नयाल, धीरेन्द्र भाकुनी, रवि भैया तथा निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी ने सहयोग दिया।

सफलता पूर्णता का परिणाम

हल्द्वानी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इस वर्ष से कक्षा 6, 9 और 11 के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे का एक पायलट लॉन्च (एनसीआरएफ) करेगा।

बीएलएम एकेडमी प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें गर्व है कि बी एल एम अकादमी को सीबीएसई द्वारा इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह बीएलएम अकादमी की एक बड़ी उपलब्धि है कि पूरे भारत में 28,000 स्कूलों में से बीएलएम अकादमी एनसीआरएफ में भाग लेने वाले पायलटों में से एक है। उन्होंने कहा स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और समस्त शिक्षक हमारे छात्रों के साथ-साथ हमारी सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति रहे प्रत्येक व्यक्ति को बधाई देता है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जितेन्द्र सिंह से बदलकर जितेन्द्र पाल सिंह रख लिया है, अत: भविष्य में मुझे जितेन्द्र पाल सिंह नाम से जाना पहचाना जाये। - **जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र करन सिंह इाइडिल गेट केनाल रोड, काठगोदाम, हल्द्वानी (नैनीताल)**

धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल सभा, हल्द्वानी द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बहुत धूमधाम को व भव्य तरीके से मनाई गई। प्रात: 18 गोत्रों के प्रतीक 18 जोड़ों के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम किया गया।

पश्चात सांय सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस, महाराजा अग्रसेन को जानो प्रतियोगिता ,मेधावी छात्र अभिनंदन , वरिष्ठजनों का सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए ।अग्रवाल महिला समिति द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पचात द्व आयोजन किया गया जिसमें हल्द्वानी और उसके आसपास के रहने वाले सभी अग्रवाल परिवारों द्वारा सहभागिता करी गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यवसायी यशोदा नंदन अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महासचिव मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल , सुरक्षक भगवान सहार्द्विद्वय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी,राकेश गर्ग, कैलाश चंद्र अग्रवाल,बसंत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, 8 अग्रवाल, कनव अग्रवाल, सरील गोयल, लव मित्तल,तरुण बंसल, अतुल अग्रवाल, निशुल अग्रवाल,अमित अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, अभिषेक मित्तल, अग्रवाल महिला समिति से पायल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल , गीतांजलि अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, नीतू अग्रवाल , वैश्य समाज अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता हरिनारायण गुप्ता ,ओमप्रकाश साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

शारदीय नवरात्रि

नवरात्र के छठे दिन की जाती है देवी कात्यायनी की पूजा

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। कत नामक महर्षि के पुत्र ऋषि कात्य ने भगवती पराम्बा की उपासना कर उनसे घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने की प्रार्थना की थी। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली थी। इन्हीं कात्य गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। कुछ काल के बाद दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया, तब भगवान् ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलाईं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिये ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा यमुना तट पर की थी। नवरात्र के छठे दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में होता है। नवरात्रि के छठे दिन का रंग हरा है, जो सद्भाव और विकास का प्रतिनिधित्व करता है। यह प्रकृति, उर्वरता और शांति का भी प्रतिनिधित्व करता है। इस दिन हरा रंग धारण करना बेहद शुभ माना जाता है, जो जातक ऐसा करते हैं उन्हें माता रानी की कृपा से सुरक्षा, वीरता, समृद्धि की प्राप्ति होती है। अगर आप देवी की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो इस दिन हरा रंग जरूर पहनें और देवी से प्रार्थना करें कि वह आपको शांति प्रदान करें।

मां कात्यायनी की पूजा विधि

भक्तों को सलाह दी जाती है कि वे नवरात्र के छठे दिन जल्दी उठें, स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। फिर पूजा घर को साफ करें और मां कात्यायनी की प्रतिमा पर ताजे फूल चढ़ाएं। कुमकुम का तिलक लगाएं। इसके बाद वैदिक मंत्रों का जाप और प्रार्थना करें। मां को कमल का फूल अवश्य चढ़ाएं। फिर उन्हें भोग के रूप में शहद चढ़ाएं। आरती से पूजा को पूर्ण करें और क्षमा प्रार्थना करें।

निगम कर्मचारियों ने यात्रियों स्वागत किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में कैलाश यात्रा चतुर्थ दल की वापसी पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों को माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया।

इस दौरान यात्रियों ने कहा कि उन्होंने आदि कैलाश और ओम पर्वत के सुंदर दर्शन किए उनके द्वारा काला पानी नाभीढांग व जौलिंगकौंग में पौधारोपण किया गया। उनके द्वारा उच्च हिमालय क्षेत्र से कूड़ा इकट्ठा कर धारचूला लाकर उसका निस्तारण किया गया। यात्रियों ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत की जा रही पहल की सराहना की। कहा कि वह यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। यात्रियों ने कुमाऊं मंडल विकास निगम की सराहना की। यात्रियों का स्वागत करने वालों में बलवंत सिंह, संदीप रावल, हरीश ऐरी, गजेंद्र धामी, ललित कुमार तथा बलवंत शामिल रहे।

News कॉर्नर

पूर्व छात्र बुधानी की माताजी के निधन पर दुख जाताया

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कार्यपरिसद के पूर्व सदस्य तथा डीएसबी के पूर्व छात्र जगदीश बुधानी की माताजी 84 वर्ष के निधन पर कूटा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका कल हल्द्वानी में निधन हो गया । कूटा ने डॉक्टर दिनेश गिरी पूर्व छात्र डीएसबी की माताजी 68 वर्ष के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी , प्रो. नीलू लोधियाल,डॉ. विजय कुमार , डॉक्टर दीप कुमार, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.पैनी जोशी , प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. उमंग, डॉ.दीपिका पंत, डॉ. सीमा चौहान सहित निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत , प्रो. आरसी जोशी, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो सुषमा टम्टा , प्रो. गीता तिवारी, डॉ. महेश आर्य, डॉ. हर्ष चौहान, डॉ. निधि वर्मा डॉ.अशोक कुमार ने दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है ।

नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन जारी

नैनीताल। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पर्यावरण संरक्षण के तहत आंदोलन रविवार को 94वें दिन भी जारी रहा। निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत आन्दोलन जनपद पिथौरागढ़ में जारी रहा। रविवार को उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया जबकि अन्य जनपदों से मांग पत्र विभिन्न माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में दीपक रावल, विजय बोरा, नरेंद्र सिंह, सौरभ खोलिया, महेश कुमार, गोपाल बिष्ट, राजेंद्र सिंह, हर सिंह तथा शेर सिंह सहित उपस्थित रहे।

13वीं ऑन द स्पॉट पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

न्यू क्लब के तत्वावधान में रविवार को 13वीं ऑन द स्पॉट पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन न्यू क्लब परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में 800 से अधिक स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ईशा साह तथा डीएसबी परिसर की प्राध्यापिका डा. रीना सिंह ने संयुक्त रुप से किया।

प्रतियोगिता में शहर के समस्त विद्यालयों के साथ ही समीपवर्ती भीमताल तथा आस पास के स्कूलों के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक अंजू साह जगाती के मुताबिक प्रतियोगिता में टाइनी टोट्स वर्ग को वृंदावन पब्लिक स्कूल द्वारा प्रायोजित किया गया है जबकि सब जूनियर वर्ग को सुबोध कंसल मैमोरियल ट्रॉफी, जूनियर वर्ग को भुवन लाल साह मैमोरियल ट्रॉफी, मिडिल वर्ग में कैप्टन आशीष साह ट्रॉफी,सीनियर वर्ग में रवि-मीना साह मैमोरियल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी,जबकि ओवरऑल चैंपियनशिप (सबजूनियर/ जूनियर/ मिडिल तथा सीनियर वर्गों में) प्राप्त पॉइंट्स के आधार पर प्रदान की जाएगी। इस चैंपियनशिप को राजवीर सिंह,भगवंत कौर मेमोरियल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व न्यू क्लब के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने सभी प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। क्लब के सचिव रितेश साह के मुताबिक प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 9 अक्टूबर (बुधवार) की शाम को 5 बजे न्यू क्लब नैनीताल सभागार में किया जाएगा।

इस मौके पर मोनिका साह,ज्योत्सना साह,नीतू साह,नीलू एल्हेंस,गीता साह,शैलेष साह,शैलेंद्र चौधरी, चंदन बिष्ट,आलोक साह,आलोक चौधरी,घनश्याम लाल साह,अजय एल्हेंस,प्रभाकर जोशी,दिग्विजय साह,योगेश साह, डा. मनोज सिंह बिष्ट,विनय साह,मोहित लाल साह,मोहित साह जगाती,इंतखाब आलम,शैलेश साह,राजेश अधिकारी,कुंदन सिंह बिष्ट,जय सिंह नेगी, उमेश त्रिपाठी,वीरेंद्र साह,अंशुल साह तथा केशर सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे। संचालन डा.मनोज सिंह बिष्ट ने किया। अंत में क्लब के अध्यक्ष डा.महेंद्र पाल व सचिव रितेश साह ने सभी का आभार जताया।

उत्तराखंड में प्रमुख विभागों की वेबसाइट की गई सुचारू

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में साइबर हमले में सूबे का पूरा आईटी सिस्टम ठप हो गया था। सरकारी कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया। सचिवालय समेत किसी भी दफ्तर में कामकाज नहीं हुआ।

स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण अस्थायी रूप से बंद प्रमुख विभागों की वेबसाइट अपनी सरकार, ई-ऑफिस, चारधाम पंजीकरण जैसी मुख्य साइट रविवार को सुचारू हो गई। इससे पहले पहले शनिवार को सीएम हेल्पलाइन को सुचारू कर दिया गया था। दो अक्टूबर को स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण शासन की कई महत्वपूर्ण साइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। शनिवार को राजस्थान से देहरादून लौटने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनआईसी, आईटीडीए, पुलिस विभाग आदि के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने सोमवार तक सभी साइट्स के सुचारू संचालन के निर्देश दिए थे। आईटीडीए की निदेशक निकिता खंडेलवाल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सभी प्रमुख साइट्स को सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कि पांच अक्टूबर को सीएम हेल्पलाइन व स्टेट पोर्टल जैसी सुविधाएं सुचारू कर दी गई थी।

जबकि आज सभी सेवाएं मुख्यत: अपनी सरकार, ई-ऑफिस, ई-रवन्ना पोर्टल, चारधाम रजिस्ट्रेशन सभी को सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई भी डाटा लॉस का कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया और सभी डाटा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में पिछले दो दिन में लगभग 2034 कॉल्स में से 1879 को वापस दर्ज कर लिया गया है, जिसमें लोगों को कॉल बैक किया गया और इसमें से 600 से अधिक शिकायतें दर्ज कर दी गई हैं।

व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरोरा को मिली धमकी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

दुस्साहस

- एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई,पुलिस ने बताया मामला लेन देन का

व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष को मोबाइल फोन पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया। उन्होंने जान माल का खतरा बताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

सिविल लाइन डाक्टर कालोनी निवासी बलवंत राय अरोरा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि पांच माह पहले एक प्लाट हल्द्वानी निवासी व्यक्ति को 26 लाख में बेचा था। बताया कि 50 हजार रुपये में लेकर उसने एग्रीमेंट बनाया था। जिसमें प्लाट में लगे सात पेड़ों को कटवाने की जिम्मेदारी उसकी थी। पेड़ न कटवा पाने की स्थिति में दो माह के भीतर उसे 50 हजार रुपये वापस करने थे। तहरीर में कहा कि पेड़ कटवाने के लिए उन्होंने वन विभाग से अनुमति मांगी, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में परमिशन देने की बात कही। बताया कि चार अक्टूबर की रात वह किसी अधिकारी के साथ बैठे हुए थे। इसी बीच हल्द्वानी निवासी व्यक्ति की काल आई, लेकिन वह व्यस्त के कारण फोन नहीं उठा पाया। बाद में उसने काल की तो रिसिव नहीं हुआ। इसके बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि सुबह वह उसके घर रुपये लेने आ रहा है। आरोप है कि जवाब में जब उसने एक-दो दिन बाद आने को कहा तो वह गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि तब से उसका परिवार सहमा हुआ है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई। इधर चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लेन देन का मामला है। पुलिस जांच कर रही है।

कोटाबाग में बालिकाओं से छेड़छाड़ का मामले पर वार्ता

कालाढूंगी

हमारे संवाददाता

भीम आर्मी की एक सभा आयोजित की गई कोटाबाग के धापला गांव में शिक्षक द्वारा कक्षा 6 से 9 तक की बालिकाओं से छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया था, भीम आर्मी, मूलनिवासी संघ और डॉ अम्बेडकर मिशन एन्ड फाउंडेशन द्वारा कालाढूंगी स्थित डॉ. अम्बेडकर मिशन एन्ड फाउंडेशन के मुख्य कार्यालय में पीड़ित परिवार के अभिभावकों को बुलाकर वार्ता की गई वार्ता में परिवार ने बताया कि कालाढूंगी कोटाबाग धापला गांव है जहां अनुसूचित जाती के अधिकांश लोग निवास करते है गांव में ही राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है जिसमे एक अध्यापक जो कि जनरल केटेगरी का है उसने कक्षा 6 से 9 तक की कुछ छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता था जिससे पूरे गांव में भारी आक्रोश था पूरे गांव ने स्कूल प्रबंधक का घेराव किया और इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी तथा पुलिस प्रशासन से की गई थी परन्तु गांव के कुछ नेताओं ने हमें डरा धमका कर हमसे राज़ीनामा लिखवा लिया था राज़ीनामा लिखते समय खंड शिक्षा अधिकारी ने हमसे कहा था कि आप पुलिस में रिपोर्ट मत करना मैं खुद ही इस अध्यापक को सस्पेंड करूंगा। सभा में संगठनों द्वारा एकमत होकर निर्णय लिया गया कि कल 7 अक्टूबर को मुख्य शिक्षा अधिकारी का घेराव करके अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक ज्ञापन दिया जायेगा जिसमे मांग की जाएगी कि यदि 15 दिन में जाँच करने के बाद आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो उपरोक्त के अलावा और भी अम्बेडकरवादी संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे सभा में डॉ. अम्बेडकर एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश चंद्र, मदन चंद्र, अरविन्द, अतीक अहमद, भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, नगर अध्यक्ष विकास कुमार, जीतराम, हरीश लोधी, रिज़वान खान, मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक चनियाल, आर पी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, गंगा प्रसाद आदि थे।

पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। थाना बनभूलपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने इंद्रानगर बरसाती के पास से एक युवक को खुलेआम सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मो. हनीफ निवासी दुर्गा मंदिर बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विद्या भारती की जिला स्तरीय रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान कार्यशाला का आयोजन रविवार को पंडित गौरी दत्त दानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज छोई रामनगर में किया गया।

बता दें कि कार्यशाला का शुभारंभ रसायन विज्ञान के विषय विशेषज्ञ डॉ0 जगमोहन सिंह नेगी, प्रधानाचार्य कृपाल दत्त जोशी,जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश शर्मा तथा प्रांतीय प्रशिक्षण टोली के सदस्य शुभेन्दु गुप्त व रिसोर्स पर्सन के रूप में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के प्रवक्ता अरुण कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना से किया गया। इस दौरान रसायन विज्ञान के विषय विशेषज्ञ डॉ. जगमोहन सिंह नेगी व जीव विज्ञान में अरुण कुमार के द्वारा आधुनिक नई तकनीक से नैनीताल जिले से सरस्वती विद्या एवं शिशु मंदिरों से आए हुए रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान के 15 आचार्यों को विषय शिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। उद्घाटन सत्र में संयोजक के रूप में खीमानन्द पन्त ने विभिन्न स्थानों से आए हुए विषय विशेषज्ञ व अतिथियों का परिचय कराया।

विद्या भारती जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य शांतिपुरी ने प्रशिक्षण योजना की जानकारी दी व समापन सत्र में प्रधानाचार्य कृपाल दत्त जोशी ने प्रशिक्षण शिक्षण की सफलता हेतु दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

एसएसपी ने रुद्रपुर मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अभियान

- चैन स्नैचर, टप्पेबाज, झपट्टा मार ओर संदिग्धों के खिलाफ भी वृहद स्तर पर चलाया सत्यापन अभियान

रविवार रात को एसएसपी मणिकांत मिश्रा रुद्रपुर मुख्य बाजार का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया।

पुलिस की कार्रवाई को देख सड़क पर अतिक्रमण कर बैठे लोगों में हड़कंप मच गया और सामान समेटने में जुट गए। पुलिस ने इस दौरान कई अतिक्रमणकारियों समेत फड़, ठेली आदि के चालान काटे । एसएसपी ने बताया कि आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न हो, इसके लिए पुलिस ने मुख्य बाजार मार्ग की यातायात व्यवस्था को देखा। उन्होंने बताया कि अधीनस्थों को निर्देश दिए गए हैं कि मुख्य बाजार की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। संदिग्धों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। ताकि त्योहारों पर बाजार आने वाले को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि बाजार में अव्यवस्थित खड़े वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। जिसमे 15 चालान पुलिस एक्ट में तथा 21 चालान एमवी एक्ट मे किए गए। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र के अंदर यातायात व्यवस्था को सुचारू चलाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। यातायात में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एएसपी निहारिका तोमर, शहर कोतवाल मनोज रतूड़ी, ट्रेफिक इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार आर्या, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट, टीएसआई धनपाल तनवार,एसएसआई ललित कुमार रावल, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह, चौकी प्रभारी बाजार जितेंद्र कुमार,एसआई चंदन बिष्ट,एसआई महिला दीपा अधिकारी, एसआई सीपीयू गोधन सिंह, सीपीयू एसआई मुन्ना राम, नंदन गोस्वामी, अमित जोशी, महेंद्र कुमार,दीप चंद्र,कैलाश सिंह, महेंद्र कुमार, विनोद थापा आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।